# जनता कॉलेज बकेवर में भारतीय नाट्य कला का आयोजन किया गया

# सतत अभ्यास से ही बढ़ती है स्मरण क्षमता

**बकेवर।** जनता कालेज में भारतीय नाट्य कला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कानपुर के भाऊपुर, शिवली के छमीलाल नगर, सुनील कुमार एवं रोशन लाल ने मंचन कर बच्चों को जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप छात्र-छात्राओं को संदेश दिया गया कि सतत अभ्यास से स्मरण क्षमता बढ़ती है, अपने पाठ्यक्रम को याद किया जा सकता है। प्रत्येक वस्तु से संतुलन बनाकर जीवन की कठिनाइयां को दूर किया जा सकता है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आरके त्रिपाठी, कृषि संकाय के डीन डॉ. अशोक कुमार पांडेय, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव, एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. आनंद सिंह उपस्थित रहे। (संवाद)